तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार 4 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 प्राथमिक शाला साल्हेपुर में हुआ होलिका दहन कार्यक्रम



12 भूमि अधिग्रहण और गाइडलाइन दरों में ...



# कंडरका में लगी राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भव्य विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला, कंडरका विकासखंड बेरला में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर एक भव्य विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने न केवल मॉडल प्रदर्शित किए, बल्कि उनके पीछे छिपे वैज्ञानिक सिद्धांतों को भी सरल भाषा में समझाया। प्रदर्शित प्रमुख मॉडल इस प्रकार रहे। वाटर हार्वेस्टिंग ईशा यादव (7वीं) चांवल में कार्बोहाइड्रेट की उपस्थिति का परीक्षण लीना एवं नीलम (8वीं) वाटर डिस्पेंसर प्राची एवं दिव्या (6वीं) स्मार्ट सिटी देविका यदु (7वीं) ह्यूम(मानव शरीर) नीलम निषाद (7वीं) ज्वालामुखी मॉडल चांदनी निषाद (7वीं)बैलून कार लकिता निषाद (6वीं) पाचन तंत्र खुशी निषाद (7वीं) मानव कंकाल नारायण देवांगन (7वीं) रक्त परिवहन तंत्र का रेखाचित्र पुलकित निषाद (7वीं) उत्सर्जन तंत्र मिथलेश साहू (7वीं) मानव श्वसन तंत्र खुशी यदु (7वीं) ने श्वसन तंत्र का वर्किंग मॉडल बनाकर यह दिखाया कि फेफड़े कैसे काम करते हैं, हम साँस कैसे लेते हैं और ऑक्सीजन हमारे शरीर के लिए कितनी ज़रूरी है।

■ प्रधान पाठक और शिक्षकों ने किया बच्चों का उत्साहवर्धन

## विद्यार्थियों ने मॉडल पेश कर दिखाई अपनी वैज्ञानिक सोच

### ऐसे आयोजनों से बच्चों में बढ़ता है आत्मविश्वास: प्रधानपाठक

प्रधान पाठक अर्चना गोस्वामी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है तथा वे वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जीवन की समस्याओं को समझना सीखते हैं। राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित नवाचारी शिक्षिका केवरा सेन विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामना प्रेषित करते हुए कहा कि इस आयोजन ने यह सिद्ध कर दिया कि हमारे विद्यालय के प्रतिभा से भरपूर हैं और उन्हें उचित मार्गदर्शन मिलने पर वे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं।

### विद्यार्थियों की रचनात्मकता व वैज्ञानिक सोच की हुई सराहना

यह मॉडल सिर्फ देखने में सुंदर नहीं है, बल्कि विज्ञान की अवधारणा को समझाने में भी बहुत उपयोगी है। वहीं देविका ने स्मार्ट सिटी का वर्किंग मॉडल बनाकर भविष्य के शहर की झलक दिखाई है। जहाँ सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, अच्छी सड़क और स्वच्छता जैसी सुविधाएँ तकनीक से जुड़ी हैं। यह मॉडल बच्चों में जिम्मेदार नागरिक बनने की सोच विकसित करता है। रविकुमार निषाद ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, मेहनत और वैज्ञानिक सोच की बहुत सराहना किये। ऐसे प्रयास बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और सीखने को रोचक बनाते हैं। कार्यक्रम का मार्गदर्शन विद्यालय की प्रधान पाठक अर्चना गोस्वामी और विज्ञान शिक्षिका कांति नागे के मार्गदर्शन में किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं केवरा सेन, भुवन सिंह ध्रुव, राज राजेश्वर, राजा चंद्राकर एवं रवि सर, संजय कश्यप, सुरेश वर्मा, रागिनी शर्मा, देवकुमारी गायकवाड़, योगेश्वरी परगनिहा, अन्नपूर्णा जागड़े उपस्थित रहे। सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाला पकड़ाया



**भिलाई।** धारदार हथियार लेकर लोगों को डराने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि गायत्री मंदिर के आगे मुख्य मार्ग, पुलगांव के पास हथियार लेकर डराने वाले की सूचना पुलिस को मिली। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने युवक को हथियार के साथ पकड़ा। पूछताछ करने पर बताया कि दुर्ग निवासी आदित्य मिश्रा उर्फ रितिक है। आरोपी के पास से लोहे का धारदार हथियार जप्त किया। युवक को गिरफ्तार करर उसे न्यायालय में पेश किया गया।

### दो दिनों में 121 आदतन बदमाशों को भेजा जेल

**भिलाई।** होली पर्व को लेकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से असामाजिक तत्वों, धारदार हथियार रखने वाले, पूर्व में आपराधिक गतिविधियों में शामिल आदतन आरोपियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। पुलिस ने अशांति फैलाने, आपराधिक घटना घटित करने वाले 97 आदतन आरोपियों के खिलाफ धारा 170 बीएनएसएस के प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेजा गया। दो दिनों में जिले में 121 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। जिसमें थाना दुर्ग 8, मोहन नगर 14, पद्मनाभपुर 5, पुलगांव 1, अंजोरा 10, जेवरा सिरसा 1, नगपुरा 1, नेवई 3, वैशाली नगर 3, सुपेला 6, स्मृति नगर 1, छावनी 6, जामुल 15, खुर्सीपार 3, पुरानी भिलाई 10, कुम्हारी 4, पाटन 8, उतई 8, रानीतराई 1, अण्डा 2, जामगांव आर 1, अमलेश्वर 3, धमधा 4, नंदिनी 3 शामिल है।

### शराब का अवैध कारोबार सात को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** होली को लेकर पुलिस ने अभियान चलाकर सात युवकों को पुलिस ने पकड़ा है। आरोपी युवकों द्वारा शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि थाना अण्डा, उतई, नंदिनी नगर, सुपेला, नेवई, रानीतराई से आलबरस अण्डा निवासी मोरध्वज देशमुख, निलेश यादव,चिरपोटी, अण्डा मुकेश कोसरे,निकुम, अण्डा फूल सिंह, बोहारडीह, उतई पुरेन्द्र ठाकुर, सेलूद, उतई राकेश साहू,टेकापार बोरी, नंदिनी नगर जीवनलाल पटेल, पुष्पक नगर, सुपेला निवासी टिमन लाल ठाकुर, जांजगीर चांपा (थाना सुपेला) वेदांत सिंह, ग्रीन वेली, जुनवानी, सुपेला अनूप राकेश, स्टेशन मरोदा सुनील कुशवाहा, दरबार मोखली रानीतराई मनहरण लाल को पकड़ा गया। आरोपियों के पास ने 188 पौवा शराब कीमती 17 हजार रुपए जब्त की गई।

## पर्व : पूर्णिमा पर चंद्रग्रहण के कारण चौदस की रात जली होली

# जिले में श्रद्धा-भक्ति के साथ हुआ होलिका दहन, देर रात तक गूंजे फाग गीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में रंगों के पर्व होली की पूर्व संध्या पर श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ होलिका दहन किया गया। पूर्णिमा के दिन चंद्रग्रहण होने के कारण इस वर्ष चौदस की रात शुभ मुहूर्त में होलिका दहन संपन्न हुआ। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में देर रात तक झांझ, मंजीरे और नगाड़ों की धुन पर फाग गीत गूंजते रहे और लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां बांटी।

■ बाजार में दिखी जबरदस्त रौनक

सुबह से ही बाजारों में होली को लेकर चहल-पहल देखी गई। लोगों ने रंग-गुलाल, पिचकारी और पूजन सामग्री की खरीदारी की, वहीं घरों में पारंपरिक पकवान बनाए गए। शाम होते-होते खासकर युवाओं ने मोहल्लों और गांवों में होलिका दहन के लिए लकड़ियां एकत्रित करनी शुरू कर दी। शुभ मुहूर्त में बैगा द्वारा मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान से होलिका का पूजन-अर्चन कराया गया, जिसके बाद विधिवत दहन किया गया।





### शहर के प्रमुख स्थानों पर जली होली

जिला मुख्यालय में किसान पारा स्थित गोठान, गौरव पथ, पांडे पारा राम मंदिर परिसर, सिविल लाइन, गश्ती चौक, गंजपारा, पुलिस लाइन रायपुर रोड सहित पिकरी, कोबिया, मोहभट्ठा और सिंघौरी वार्ड के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन किया गया। कई स्थानों पर कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा। कुछ श्रद्धालु मंगलवार को चंद्रग्रहण की समाप्ति के बाद होलिका दहन करने की तैयारी में हैं।

महिलाओं ने निभाई पारंपरिक परंपराः होलिका दहन से पूर्व महिलाओं ने पूजा-अर्चना कर जल, अक्षत, कुमकुम, सिंदूर और फूल अर्पित किए। अगरबत्ती, धूप-दीप जलाकर आरती उतारी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने नियमानुसार होलिका की परिक्रमा कर आशीर्वाद लिया। दहन के बाद लोगों ने कंडा डालकर पारंपरिक रीति का पालन किया।

### बाजार में देशी सामान की रही मांग

होलिका दहन के दिन जिला मुख्यालय का नवीन बाजार पूरी तरह गुलजार रहा। ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी के लिए पहुंचे। रंग-बिरंगी पिचकारियां, बच्चों के लिए विभिन्न आकृतियों वाले खिलौने और गुलाल की जमकर बिक्री हुई। प्रशासन द्वारा खतरनाक रसायनिक रंगों, आपत्तिजनक मुखौटों और प्रतिबंधित सामग्री पर सख्ती के चलते बाजार में केवल सुरक्षित और अनुमति प्राप्त सामान ही उपलब्ध रहा।खरीदारी के रुझान को देखकर यह नहीं लगा कि महंगाई का असर त्योहार की खुशियों पर पड़ा हो। लोगों ने विशेष रूप से देशी और पारंपरिक वस्तुओं को प्राथमिकता दी।

### मदिरा दुकानों में लगा रहा मेला

होलिका दहन के दिन ओर होली खेलने की पूर्व संध्या पर जिले की शराब दुकानों पर जमकर शौकीनों का मेला लगा रहा । जिले की हर मदिरा दुकानों में रेला का नजारा देखने मिला।आज 4 मार्च शराब दुकानें बंद होने के चलते मदिरा के शौकीन प्रेमी स्टॉक करने दुकानों पर टूट पड़े। हालत यह रहा कि कई स्थानों में पुलिस को बुलाना पड़ा। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष 2025 में 14 मार्च माह में होली पर्व मनाया गया था । जिसमें आबकारी विभाग के आंकड़ों के अनुसार होलिका दहन और होली व तीसरे दिन के इन 3 दिनों में 10 करोड़ 45 लाख की देसी और विदेशी शराब की बिक्री किया गया था। इस तरह जिले के शराब शौकीनों ने इन 3 दिनों में जहां 10 कोड 45 लाख की शराब को गटक गए थे।

## शाला अकोला में धूमधाम से मनी होली



**बेमेतरा।** साजा विकास खंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला अकोला में रंगो का त्योहार होली धूम धाम से बच्चों के साथ मनाया गया। शाला की प्रधान पाठक हिम कल्याणी सिन्हा बच्चों को होलिका दहन से जुड़ी पौराणिक कथा सुनाई, उन्होंने बच्चों को बताई की यह होली का त्यौहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। उन्होंने बताई कि हिरणयकश्यप की बहन होलिका को आग से बचने का वरदान मिला था। वह आग में जलती नहीं है। लेकिन जब वह भक्त प्रहलाद को जलाने के इरादे से आग में बैठी। तो भगवान विष्णु की भक्ति से भक्त प्रहलाद बच गया और होलिका जलकर राख हो गयी। तब से होली का त्योहार मनाते है। शाला में बच्चों ने मिलकर लकड़ी एवं घासपूस इकठ्ठा कर होली बनाये। होली में हरी इलायची लौंग डालकर दहन किये। ऐसी मान्यता है की इससे रोगों से मुक्ति मिलती है। राज्य पाल पुरस्कार से सम्मानित प्रधान पाठिका हिम कल्याणी बच्चों को रंग, गुलाल प्रदान की। सभी शाला में उत्साह से होली का पर्व मनाएं। प्रसाद वितरण किये। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष जगाधर साहू, शिक्षाविद डाकवर ठाकुर, पंचराम निषाद, रामकुवर ध्रुव, मीना यादव सभी बच्चों के साथ रंग गुलाल का उत्सव मनाएं और एक दूसरे को त्यौहार की शुभकामनायें दिए।

## कन्या शाला देवकर में मना होलिका दहन उत्सव





**बेमेतरा।** विकासखंड साजा अंतर्गत शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में शाला परिवार द्वारा हर्षोल्लास के साथ होलिका दहन उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में होलिका का निर्माण किया तथा आकर्षक रंगोली बनाकर स्थल को सजाया। कार्यक्रम के दौरान प्रधान पाठक गिरिजा पटेल ने विद्यार्थियों को होलिका दहन की पौराणिक कथा सुनाई। उन्होंने बताया कि यह पर्व भक्त प्रह्लाद और होलिका की कथा से जुड़ा है। मान्यता है कि भक्त प्रह्लाद को अग्नि में जलाने के उद्देश्य से होलिका अग्नि में बैठी थी, किंतु भगवान की कृपा से प्रह्लाद सुरक्षित बच गए और होलिका दहन हो गई। यह घटना बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। विद्यार्थियों ने इस कथा को ध्यानपूर्वक सुनकर हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में स्वतंत्र लेखन किया तथा होली एवं होलिका से संबंधित सुंदर चित्र भी बनाए। इसके पश्चात सभी ने होलिका की पूजा- अर्चना कर परिक्रमा की और उत्सव मनाया। कार्यक्रम में वीना रावटे, महेशीया निषाद सहित शाला परिवार के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गर्मी की दस्तक देते ही बढ़ी देसी फ्रिज मटके की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

गर्मी का सीजन शुरू होते ही देसी फ्रिज की मांग बढ़ गई है । लोग गर्मी के दिनों में देसी फ्रिज यानी मटका का पानी पीना पसंद करते हैं क्योंकि मटका का पानी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक माना जाता है। गर्मी का सीजन लगते ही जिला मुख्यालय सहित क्षेत्र के आसपास रहने वाले प्रजापति वर्ग के लोग साप्ताहिक बाजारों में मटका लेकर पहुंच रहे हैं।

■ मिट्टी के मटके में ठंडा पानी पीने को लोग दे रहे प्राथमिकता

स्थानीय निवासी चक्रधारी का कहना है कि वह पिछले 30-35 वर्ष से मिट्टी से विभिन्न प्रकार की बनी सामग्री बेचने का काम करते आ रहे हैं, सामान्यत हर वर्ष मार्च अप्रैल महीने में ही घड़े की मांग बढ़ जाती है उन्होंने बताया कि एक घड़ा की कीमत 150 से 200 रुपए में बेच रहे हैं । गौरतलब हो कि शहर सहित आसपास के गांव में देसी फ्रिज मटको की काफी डिमांड रहता है और बाहर से आने वाले छोटे-छोटे दुकानदार साप्ताहिक बाजारों में मटके बेचने आते हैं । गर्मी के दिनों में फ्रिज से बेहतर मटके का पानी पीना बेहतर माना जाता है ,अंदर हल्के छेद रहते हैं और वह मटकी को गीला रखता है इससे हवा के संपर्क में आने से मटके का पानी फ्रिज की तरह ठंडा रहता है ।

### मौसम खुलने पर हो रहा तेज गर्मी का एहसास

कुछ दिन पहले मौसम में अचानक परिवर्तन होकर हल्की बारिश होने के बादल छाए हुए थे । बादल छटते मौसम खुलने पर तेज गर्मी का एहसास होने लगा है। अब इधर जैसे-जैसे गर्मी बढ़ती जाएगी वैसे-वैसे देसी फ्रिज की मांग भी बढ़ती जाएगी। अभी वर्तमान में जिला मुख्यालय सहित अंचल में तेज धूप के साथ गर्मी अपना रौद्र रूप दिखा रही है ,सुबह 8 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक गर्म हवाओं का चलन शुरू हो चुका है।

# विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन 6 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकसित भारत युवा संसद 2026 में भाग लेने के लिए जिला बेमेतरा के 18-25 साल के युवा माय भारत पोर्टल लिंक पर अपना रजिस्ट्रेशन 5 मार्च तक कर सकते हैं।

पात्र युवाओं को 6 मार्च को जिला स्तर पर शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा में उपस्थित होकर 3 मिनट में अपना विचार रखना होगा। विचार रखने का विषय है। आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सीख। निर्णायकों द्वारा चयनित प्रथम 5 युवाओं को राज्य विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम में अपना विचार साझा करना है।वहां पर चयनित प्रथम 3 युवाओं को देश के संसद में जाकर अपना विचार रखने का अवसर प्राप्त होगा। इस कार्यक्रम के लिए शासकीय पीजी कॉलेज बेमेतरा को जिला स्तरीय नोडल संस्था बनाया गया है।

## छात्रों ने प्रस्तुत किए नवाचारी और उपयोगी विज्ञान मॉडल

# संकुल मल्दा में उत्साहपूर्वक मना राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

विकासखंड नवागढ़ अंतर्गत संकुल मल्दा में संकुल स्तरीय विज्ञान मेला एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर संकुल के समस्त प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न विज्ञान मॉडलों का आकर्षक प्रदर्शन किया।

■ शिक्षकों और सहायक स्टाफ ने किया मार्गदर्शन और आयोजन का सफल संचालन

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस महान भौतिक विज्ञानी सी वी रमन द्वारा 'रमन प्रभाव' की खोज की स्मृति में मनाया जाता है। उनकी इस अभूतपूर्व खोज के लिए वर्ष 1930 में उन्हें नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इस वर्ष का विषय "विज्ञान में महिलाएं: विकसित भारत की उत्प्रेरक" रखा गया, जो वैज्ञानिक प्रगति को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ता है। देश के प्रधानमंत्री द्वारा युवाओं को सशक्त बनाने, अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के प्रभावी उपयोग के संकल्प को भी दोहराया गया।

### इनकी भूमिका रही अहम

कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक शिक्षिका पुष्पा साहू, धनीराम साहू, गोपाल प्रसाद साहू, शिक्षक दरस कुमार निषाद, आशा राम ध्रुव एवं दिशा वर्मा मैम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



**ये रहे उपस्थितः** विज्ञान मेले में प्रभारी प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी श्याम कुमार तिवारी, सीएसी मल्दा कौशल कुमार साहू, प्रधान पाठक कुमार सिंह साहू (पूर्व माध्यमिक), प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस (प्राथमिक शाला मल्दा), शिक्षक संतोष यादव सहित अन्य शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

### उपयोगी एवं नवाचारी मॉडल किए गए प्रस्तुत

प्रदर्शनी में बच्चों ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में अनेक उपयोगी एवं नवाचारी मॉडल प्रस्तुत किए। प्राथमिक शाला मल्दा के प्रधान पाठक राधेश्याम सिंह बैस के निर्देशन में विद्यार्थियों ने वैक्यूम क्लीनर, हवा की उपस्थिति तथा स्टेथोस्कोप के मॉडल तैयार किए। पूर्व माध्यमिक शाला मल्दा के शिक्षक अशोक कुमार साहू के मार्गदर्शन में जल शुद्धिकरण, सौर मंडल, बायोगैस एवं जल की अवस्थाओं से संबंधित मॉडल प्रदर्शित किए गए। उच्च माध्यमिक शाला मल्दा की व्याख्याता प्रीति केशरवानी के निर्देशन में उत्सर्जन तंत्र, पाचन तंत्र एवं मानव तंत्रिका तंत्र के मॉडल प्रस्तुत किए गए। शिक्षक संतोष यादव के मार्गदर्शन में जल शुद्धिकरण, ज्वालामुखी विस्फोट एवं प्रकाश संश्लेषण के मॉडल प्रदर्शित हुए। सहायक शिक्षक सुमेन्द्र साहू के निर्देशन में मच्छर के जीवनचक्र का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। खपरी पूर्व माध्यमिक शाला के देवांगन सर के मार्गदर्शन में जल फिल्टर, जनरेटर एवं विद्युत के सुचालक से संबंधित मॉडल प्रस्तुत किए गए।

# ग्राम बेरलाकला में यादव समाज का वार्षिक अधिवेशन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम बेरलाकला में यादव (ठेठवार) समाज धमधा राज द्वारा आयोजित वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम रखा गया था जिसमे विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम की शुरुवात सर्वप्रथम कलश यात्रा के साथ शुरुवात हुई जिसमें समाज के सैंकड़ो महिलाओ ने कलश यात्रा निकाली। तत्पश्चात मंचीय कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। मंचिय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री साहू ने कहा कि यादव (ठेठवार) समाज की गौरवशाली परंपराएं, सामाजिक एकजुटता और संगठनात्मक शक्ति पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे वार्षिक अधिवेशन सामाजिक समरसता, संगठन की मजबूती और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। विधायक श्री साहू ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। शिक्षा, कौशल विकास, स्वरोजगार, किसान हितैषी योजनाओं और सामाजिक भवनों के निर्माण जैसे कार्यों के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने यादव (ठेठवार) समाज की मांगों और आवश्यकताओं को भी प्राथमिकता के साथ शासन स्तर पर रखने का आश्वासन उन्होंने दिया। कार्यक्रम में माधुरी रवि परगनिया जनपद अध्यक्ष बेरला ,साधुराम यादव, जमुना जय मिर्जा रोहित यादव रेनू यादव दीपक यादव और रमन यादव शशि यादव लक्ष्मी नारायण यादव इंद्रसेन यादव विष्णु राम यादव भरत यादव संतोष यादव बिरहा राम यादव परसराम

■ सामाजिक एकजुटता प्रेरणास्त्रोत : विधायक साहू

▶▶| शेष पेज 14 पर

